मेयर वर्ल्ड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अन्तर्सदनीय नृत्य-नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन

अन्तर्सदनीय नृत्य-नाटिका प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ शामिल चीफ टैक्नीकल डायरैक्टर ऑफ आल इंडिया फैडरेशन के गगुन बेदी, अध्यापिका 'रिया सारंगल, स्कूल की उपाध्यक्षा नीरज़ा मेयर, निदेशिका सरिता मधोक, प्रधानाचार्या हरजीत कौर घुम्मण, डिप्टी उपप्रधानाचार्या चारू त्रेहण, मेयर गैलेक्सी विभाग की संचालिका आरती गुलाटी तथा कार्यक्रम में हिस्सा लेती हुई छात्रा कृष्णा विज। (टिंकू)

सवेरा न्यूज/कुश चावला

जालंधर, 16 अगस्त : स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मेयर वर्ल्ड स्कूल में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों में अन्तर्सदनीय नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चारों सदन के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने कथा आधारित सामूहिक नृत्य द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रत्येक सदन के छात्रों को नृत्य- नाटिका प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग विषय दिए गए जिसमें जीवन की परिभाषा एक आशा, नृत्यम, कल, आज और कल एवं आज़ादी की कहानी थे।

छात्रों ने दिए गए विषयों से संबंधित नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किया। उनका सुंदर नृत्य, पहरावा और आपसी तालमेल खूब मन भावन था। छात्रों की अलग-अलग मुद्राओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायकगण के रूप में चीफ टैक्नीकल डायरैक्टर ऑफ आल इंडिया फैडरेशन के गगुन बेदी' और स्कूल की संगीत एवं नृत्य विभाग की अध्यापिका 'रिया सारंगल' मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने छात्रों के नृत्य- नाटिका की अत्यधिक सराहना की। अंत में परिणाम घोषित किए गए जिसमें कीट्स और शेक्सपीयर सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्ड स्वर्थ तथा डिकन्स सदन क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल की उपाध्यक्षा नीरज़ा मेयर, निर्देशिका सरिता मधोक, प्रधानाचार्या हरजीत कौर घुम्मण, डिप्टी उपप्रधानाचार्या चारू त्रेहण तथा मेयर गैलेक्सी विभाग की संचालिका आरती गुलाटी विशेष रूप से उपस्थित थीं।